सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर, उ0प्र0–272202
Website : www.suksn.edu.in – Email Id : registrarsidduniv@gmail.com

पत्रांक: 1005/सि0वि0वि0/सम्बद्धता/2026 दिनांक: 25/11/2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्रबंधक,
संबद्ध समस्त महाविद्यालय,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।

विषय–AISHE DCF 2025–26 के आँकड़ों की ऑनलाइन प्रविष्टि एवं सबमिशन निर्धारित समय–सीमा में सुनिश्चित किए जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में आपको अवगत कराना है कि AISHE DCF 2025–26 के अंतर्गत उच्च शिक्षा से संबंधित संस्थागत आँकड़ों की ऑनलाइन प्रविष्टि एवं सबमिशन की प्रगति अत्यंत धीमी है। प्राप्त सूचना के अनुसार देश के कुल 9,151 संबद्ध महाविद्यालयों में से मात्र 553 महाविद्यालयों (लगभग 6 प्रतिशत) द्वारा ही AISHE DCF 2025–26 का सबमिशन किया गया है, जो अत्यंत चिंताजनक है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने महाविद्यालय से संबंधित AISHE DCF 2025–26 के समस्त आँकड़ों की सही एवं पूर्ण प्रविष्टि कराते हुए निर्धारित पोर्टल पर अनिवार्य रूप से सबमिट करना सुनिश्चित करें, यह भी अवगत कराना है कि AISHE DCF 2025–26 के सबमिशन की अंतिम तिथि 10 दिसम्बर, 2026 निर्धारित है। अतः अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना प्राथमिकता के आधार पर उक्त कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

25/11/26

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. विश्वविद्यालय नोडल अधिकारी (**UNO-AISHE**), सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर, को इस आशय से प्रेषित है कि अपने स्तर से 10 दिसम्बर 2026 तक, सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों का (100 प्रतिशत) **AISHE DCF** डेटा पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
2. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

/

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।